दिनांकः 18.06.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज किसान सम्मान निधि की 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी करेंगे।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य के विकास को लेकर नई दिल्ली में प्रधानमंत्री और कई केन्द्रीय मंत्रियों से मुलाकात की।
- 21 जून को मनाये जाने वाले अंतराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर प्रदेश में विभिन्न आयोजनों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। पूर्वाभ्यास का सिलसिला भी जारी।
- प्रदेश में अधिकांश स्थानों पर प्रचंड गर्मी का असर–श्रीगंगानगर में पारा 46 डिग्री सेल्सियस के पार।

.............

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वाराणसी में पीएम किसान सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। श्री मोदी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 17वीं किश्त जारी करेंगे। इसके तहत करीब 9 करोड़ 26 लाख लाभार्थी किसानों को बीस हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि उनके खातों में नकद हस्तांतरित की जाएगी। समारोह में प्रधानमंत्री कृषि सखी के रूप में स्व–सहायता समूहों की तीस हजार से ज्यादा महिलाओं को प्रमाणपत्र भी वितरित किये जाएंगे।
इधर, प्रदेशभर के किसानों में सम्मान निधि को लेकर उत्साह है। बाड़मेर में ग्राम पंचायत मुख्यालयों, कृषि उपज मंडियों और कृषि विज्ञान केन्द्रों पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा।

..............

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कल नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात कर प्रदेश के विकास को लेकर चर्चा की। इसके बाद श्री शर्मा ने विभिन्न केन्द्रीय मंत्रियों मनोहर लाल खट्टर, भूपेन्द्र यादव, निर्मला सीतारमण, जे.पी.नड्डा और हरदीप सिंह पुरी से भी भेंट की। मुख्यमंत्री ने वित्त मंत्री के साथ राज्य के आगामी बजट को लेकर विचार–विमर्श किया। उन्होंने अन्य केन्द्रीय मंत्रियों से राजस्थान में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, ऊर्जा के नए स्रोतों की बढोतरी, उनके आधुनिकीकरण और नई तकनीक के इस्तेमाल के साथ ही पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन से जुडे विषयों पर चर्चा की। श्री शर्मा ने पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री से बाड़मेर रिफाइनरी को लेकर भी बातचीत की।

................

कांग्रेस नेता राहुल गांधी रायबरेली लोकसभा सीट से सांसद बने रहेंगे। उन्होंने केरल की वायनाड सीट छोड़ने का निर्णय लिया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने नई दिल्ली में पत्रकारों को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वायनाड सीट से प्रियंका गांधी चुनाव लडेंगी।

.............

राजस्थान विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह कल राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित किया जा रहा है। राज्यपाल कलराज मिश्र और उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा समारोह में शिरकत करेंगे। कुलपति प्रोफेसर अल्पना कटेजा ने बताया कि वर्ष 2022 की यूजी और पीजी परीक्षाओं में सबसे ज्यादा अंक प्राप्त करने वाले 126 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और 467 शोधार्थियों को पीएचडी की डिग्री दी जाएगी।

....................

आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से प्रादेशिक समाचार बुलेटिनों में तीन नये आपराधिक कानूनों के बारे में जागरुकता लाने के उद्देश्य से श्रृंखला चलायी जा रही है। इसके तहत आज हम आपको जानकारी दे रहे हैं, नए आपराधिक कानूनों में प्रासंगिक प्रावधानों के बारे में। भारतीय न्याय संहिता–बीएनएस के तहत अनाथ, परित्यक्त और खोए हुए बच्चों को पुनर्वास और सामाजिक एकीकरण के लिए बाल कल्याण समिति में भेजा जा सकता है। बीएनएस में मानसिक रूप से विकलांग माता–पिता की संतान या यौन उत्पीड़न की शिकार महिला के अवांछित बच्चे के लिए भी ये निर्णय लिया जा सकता

है। साथ ही बीएनएस की धारा 72 के तहत पीड़िता की पहचान उजागर करने के बारे में भी प्रतिबंध लगाया गया है। इसके अलावा धारा 73, 93 से 99 तथा 137 से 146 के बीच अन्य कई प्रासंगिक प्रावधान पुनर्वास के बारे में जोड़े गये हैं।

............

21 जून को मनाये जाने वाले अंतराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर प्रदेश में विभिन्न आयोजनों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वहीं योग सप्ताह के दौरान पूर्वाभ्यास भी करवाया जा रहा है। राजस्थान विश्वविद्यालय में कल से योग शिविर की शुरुआत हुई। ये शिविर 21 जून तक चलेगा।
जयपुर ग्रेटर नगर निगम और 51 संस्थाओं के सहयोग से कल सूर्य नमस्कार सहित विभिन्न योग क्रियाएं की गईं। जालौर जिले में आयुर्वेद विभाग की ओर से सभी वेलनेस सेंटरों पर योग सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। दौसा में भी कई स्थानों पर योगाभ्यास के आयोजन हो रहे हैं। वहीं बूंदी में चल रहे योग सप्ताह के तहत कल जोड़ों के दर्द में फायदेमंद योगाभ्यास करवाये गये।
अंतराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर सरहदी जिले जैसलमेर में भी उत्साह है। हमारे संवाददाता ने बताया कि सीमा सुरक्षा बल 173वीं वाहिनी की ओर से ऐतिहासिक युद्धस्थल लोंगेवाला में पूर्वाभ्यास किया गया।

------------

सवाईमाधोपुर में भी कई पार्कों में योगाभ्यास हो रहा है। इसमें हर आयु वर्ग के लोग हिस्सा ले रहे हैं। उधर, हनुमानगढ़ में योग दिवस पर होने वाले कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आयुर्वेद विभाग की ओर से पीले चावल बांटकर न्यौता दिया जा रहा है।

................

बीकानेर जिले में मादक पदार्थों के नुकसान के प्रति आम लोगों को जागरुक करने के उद्देश्य से आज से सघन कार्यक्रमों की शुरुआत हो रही है। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस विशेष अभियान के तहत 26 जून तक कई गतिविधियां होंगी।

------------------

निर्जला एकादशी का पर्व आज भी कई स्थानों पर पारम्परिक श्रद्धा भाव के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर मंदिरों में पूजा अर्चना के विशेष आयोजन हो रहे हैं और दान पुण्य किया जा रहा है। कोटा के मथुराधीश और बांकेबिहारी मंदिर में फूल बंगला झांकी सजायी गयी हैं। बालोतरा में भी कई स्थानों पर राहगीरों के लिए शरबत और पेय पदार्थ की व्यवस्था की गयी है। जैसलमेर के सोनार दुर्ग स्थित लक्ष्मीनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की कतारें देखी जा रही हैं।

.....................

प्रदेश में अधिकांश स्थानों पर प्रचंड गर्मी का असर बना हुआ है। जयपुर, कोटा, जोधुपर और बीकानेर संभाग में हीटवेव दर्ज की गयी। वहीं श्रीगंगानगर में सबसे ज्यादा 46 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रिकॉर्ड हुआ। पिलानी, चूरू और करौली में भी पारा 45 डिग्री सेल्सियस के ऊपर रहा। भरतपुर, अलवर, बीकानेर, धौलपुर, बारां और सीकर में अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया यगा। राजधानी जयपुर में 43 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रहा। लोग भीषण गर्मी और लू से बेहाल नजर आए। हनुमानगढ़ से हमारी संवाददाता ने बताया कि दिन ही नहीं रात में भी लोग तेज गर्मी के असर से परेशान हैं।

----------------

सवाईमाधोपुर में भी भीषण गर्मी का असर आम जनजीवन पर देखा जा रहा है। गर्मी के सितम के आगे पंखे और कूलर बेअसर हो रहे हैं। कोटा में गर्म हवाएं और उमस लोगों को परेशान कर रही है। इस बीच, कल राज्य के पूर्वी हिस्सों में कहीं–कहीं हल्की बारिश दर्ज की गई। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार आज कोटा और उदयपुर संभाग में कुछ स्थानों पर बरसात की संभावना है।

......................